Date: 02/02/2026

MJC-4

Trends of mobility and Change in Indian Society - Modernization & Globalization

## Modernization

→ भारतीय सामाजिक संरचना में परिवर्तन लाने में नगरीकरण, औद्योगीकरण, और आधुनिकीकरण की प्रक्रियाओं का विशेष योगदान है।

→ एम. एन. श्रीनिवास (M.N. Sriwivas) ने लिखा है "नगरीकरण, औद्योगिकरण व आधुनिकीकरण, भारत की परम्परागत सामाजिक संरचना से सम्बन्धित परिवर्तन की मुख्य प्रक्रियाएँ हैं।"

→ आधुनिकीकरण के विविध आयाम हैं। इसे समाज, समूह व व्यक्ति के स्तर पर समझा जा सकता है।

→ आधुनिकीकरण को आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक, शैक्षिक, तकनीकी व प्रशासनिक जैसे विविध आयामों के रूप में भी समझा जा सकता है।

## आधुनिकीकरण की परिभाषाएँ

→ योगेन्द्र सिंह (Yogendra Singh) - "आधुनिकीकरण सांस्कृतिक अनुक्रिया का एक रूप है जिसमे सार्वभौमिक व उद्‌विकासीय लक्षणों का समावेश होता है। यह लक्षण मानवतावाद से सम्बन्धित होने के साथ-साथ सजातीयता और किसी विचारधारा से पृथक होते हैं।"

Modernization as a form of Cultural response, involves attributes which are basically universalistic and evolutionary, they are pan-humanistic, transethnic and non-ideological."

→ एस. सी. दुबे (S.C. Dubey) - आधुनिकीकरण एक प्रक्रिया है जो परम्परागत या अर्द्ध-परम्परागत व्यवस्था से प्रौद्योगिकी के किन्ही जटिल ~~स्वरूपों~~ प्रारूपों तथा उनसे जुड़ी हुई सामाजिक संरचना के स्वरूपों, मूल्यों, प्रेरणाओं एवं सामाजिक आदर्श नियमों की ओर होने वाले परिवर्तनों को स्पष्ट करती है।"